**प्रेस नोट- जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 15.03.2025**

## थाना हथगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांर्तगत हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी, दो अदद मोबाईल, बैग मय कपड़े व 480/- रुपये नगद बरामद।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी थरियांव के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हथगांव पर अभियोग मु0अ0सं0- 052/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त 1.शिवबरन सिंह पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी इरादतपुर धामी (बड़ी सझिया) थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर 2. लालसिंह पुत्र स्व0 रामसुचित निवासी बलरामदास का पुरवा थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशादेही पर आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी आदि बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 11.3.2025 को ग्राम इरादतपुर धामी में हुई रामबरन सिंह पुत्र स्व० रामस्वरूप सिंह ग्राम इरादतपुर धामी थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 50 हत्या की घटना के क्रम में जानकारी से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक रामबरन अविवाहित था तथा वह अपने गाँव में ही पड़ोसी के घर पर खाना खाता था। जिसका मृतक का छोटा भाई शिवबरन सिंह उपरोक्त विरोध करता था जिसके कारण दोनों भाईयों में आपस में काफी रंजिश थी एवं इसी कारण छोटा भाई शिवबरन उपरोक्त दो वर्षों से गांव भी नही आया था व पत्नी व बच्चे भी मायके में रहते थे एवं शिवबरन सिंह यादव उपरोक्त को शक हो गया कि कहीं बड़ा भाई रामबरन अपनी शेष जमीन जायदात पडोसी के नाम रजिस्ट्री न कर दे इसी बात को लेकर मृतक के भाई शिवबरन सिंह यादव द्वारा अपने रिस्तेदार साथी लालसिंह उपरोक्त के साथ मिलकर मृतक रामबरन के ट्यूबेल पर सोने जाते समय ट्यूबेल का ताला खोलते समय पीछे से कुल्हाड़ी से सर पर वार कर निर्मम हत्या कर लाश को घसीट कर ट्यूबेल के बगल में ले जाकर छिपा दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम-पताः--**

1. शिवबरन सिंह पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी इरादतपुर धामी (बड़ी सझिया) थाना हथगाँव, फतेहपुर उम्र करीब 42 वर्ष।
2. लालसिंह पुत्र स्व0 रामसुचित निवासी बलरामदास का पुरवा थाना खागा जनपद फतेहपुर उम्र करीब 29 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद कुल्हाड़ी
2. दो अदद मोबाईल फोन
3. बैग मय कपड़े

4- 480/- रूपये नगद बरामद

**गिरफ्तार करने वाली टींम**

1. श्री निकेत भारद्वाज, थानाध्यक्ष हथगांव जनपद फतेहपुर।
2. व0उ0नि0 श्री विद्याप्रकाश सिंह
3. उ0नि0 श्री रवीन्द्र कुमार
4. का0 रंजीत पटेल
5. का0 दीपक सिंह
6. म0का0 श्वेता सिंह